# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

## नंदंबक्कम, चेन्नई - 600 089

### (रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और प्रोफेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स में एक प्रमुख इंडियन पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, जिसके उत्पाद शृंखला में सैन्य रडार, नौसेना प्रणाली, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स, हथियार और अग्नि नियंत्रण संचार, होमलैंड सुरक्षा, सामरिक संचार और मानव रहित प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पादों के पोर्टफोलियो हैं।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को **चेन्नई इकाई** के लिए कार्यपालक संवर्ग में **नियत अवधि के आधार पर** भूतपूर्व सैनिक की आवश्यकता है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

| पद | पदों की संख्या | आरक्षण | योग्यता | 01.06.2024 तक ऊपरी आयु सीमा | रोजगार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ सहायक सुविधा अधिकारी (E-I) | 01 | अनारक्षित -01 | किसी भी विषय में डिग्री + भारतीय सेना / वायुसेना / नौसेना या केंद्रीय अर्धसैनिक संगठनों में 15 वर्ष की सेवा के साथ जूनियर कमीशन अधिकारी के रैंक में होना चाहिए। | 50 वर्ष | 15 वर्ष या सेवानिवृत्ति की तारीख (60 वर्ष) जो भी पहले हो |

**कार्य की अवधि:** कार्य की अवधि 15 वर्ष की अवधि या सेवानिवृत्ति की तारीख (60 वर्ष) जो भी पहले हो, के लिए होगी। हालांकि, कार्य की अवधि हर 5 वर्ष के पूरा होने पर केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन और कंपनी की आवश्यकताओं पर विस्तार के लिए समीक्षा की जाएगी।

**01.06.2024 तक ऊपरी आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु 01.03.2024 को 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**योग्यता:** भूतपूर्व सैनिक सेवानिवृत्त / सेवारत अधिकारी जो किसी भी विषय में डिग्री के साथ शीघ्र ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं और भारतीय सेना / वायु सेना / नौसेना या केंद्रीय अर्धसैनिक संगठनों में 15 वर्ष की सेवा के साथ जूनियर कमीशन अधिकारी के रैंक में होना चाहिए।

**शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद अनुभव:** भारतीय सेना / वायु सेना / नौसेना या केंद्रीय अर्धसैनिक संगठनों में 15 वर्ष की सेवा के साथ जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) के रैंक में होना चाहिए। आर्मर्ड कोर्प्स, आर्टिलरी कोर्प्स और इन्फैंट्री के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कार्य का विवरण:**

चयनित उम्मीदवार बीईएल चेन्नई में विभिन्न सुविधाओं के प्रबंधन और संचालन से संबंधित सभी गतिविधियों के समन्वय के लिए जिम्मेदार होगा। वह यूनिट में कैंटीन, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, सीएसआर परियोजनाओं और विभिन्न अन्य अनुबंधों के बुनियादी ढांचे और परिचालन आवश्यकताओं की निगरानी, पर्यवेक्षण और प्रभावी ढंग से प्रबंधन करेगा।

## आवेदन कैसे करें:

उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार पात्रता के समर्थन में प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में एक सीलबंद लिफाफे / कवर में **"बीईएल चेन्नै के लिए वरिष्ठ सहायक सुविधा अधिकारी के पद के लिए आवेदन" वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बीईएल-आर्मी रोड, नंदंबक्कम, चेन्नई - 600089, तमिलनाडु,** को संबोधित कर पंजीकृत पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कूरियर के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं।

| **भर्ती की अनुसूची** | |
|---|---|
| पूर्ण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि | **04 जुलाई 2024** |
| लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार | बाद में सूचित किया जाएगा |

निम्नलिखित दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए:

1. आयु के प्रमाण के लिए स्व-सत्यापित एसएसएलसी मार्क्स कार्डऔर 12 वीं मार्क्स कार्ड
2. स्व-सत्यापित स्नातक मार्क्स कार्डऔर अंतिम डिग्री प्रमाण पत्र।
3. प्रासंगिक योग्यता अर्जित करने के बाद का अनुभव, भारतीय सेना / नौसेना / वायु सेना / अर्धसैनिक संगठनों से सेवा प्रमाण पत्र के बारे में पिछले नियोक्ता से प्रमाण पत्र।
4. रक्षा / अर्धसैनिक बलों के उम्मीदवारों के संबंध में डिस्चार्ज बुक /प्रमाण पत्र।
5. अंतिम वेतन प्रमाण पत्र (एलपीसी)।

**<u>कृपया ध्यान दें:</u>** आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, सुपाठ्य नहीं हैं, आवश्यक दस्तावेजों के संलग्नक के बिना है उन्हे सरसरी तौर पर बिना कारण बताए खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**<u>चयन प्रक्रिया:</u>** उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से एवं इसके उपरांत शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। चयन की तारीख, समय और स्थान केवल ई-मेल के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।

**<u>वेतन पैकेज:</u>** चयनित उम्मीदवार को **30,000 - 3% - 1,20,000 /-** रुपये के न्यूनतम वेतनमान में शामिल किया जाएगा। मूल वेतन के अलावा महंगाई भत्ता, एचआरए, पर्क्स के रूप में मूल वेतन का **35 %**, पीएफ, समूह बीमा, कार्य निष्पादन संबंधी वेतन, ग्रेच्युटी, स्वयं और आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि जैसे अन्य भत्ते कंपनी के नियमों के अनुसार वेतन पैकेज का एक हिस्सा होंगे।

**केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है।**

## सामान्य शर्तें:

1. कृपया ध्यान दें कि कंपनी की आवश्यकताओं के आधार पर पदों की संख्या बदल सकती है।
2. अर्ध सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र को उचित माध्यम से अग्रेषित करना होगा और लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, सुपाठ्य नहीं हैं, आवश्यक संलग्नकों के बिना है तो उसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
4. उम्मीदवारों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है। लिखित परीक्षा / साक्षात्कार से संबंधित जानकारी केवल दिए गए आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। उम्मीदवार को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

5. किसी भी रूप में पक्ष प्रचार करना अयोग्यता मानी जाएगी। बीईएल किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी कारण से वंचित / अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6. इच्छुक उम्मीदवार पोस्ट के माध्यम से अपना आवेदन भेज सकते हैं, जिसके लिए उन्हें लिफाफे पर आवेदन पत्र के लिए जिस पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उसे लिखना है जिसे वे डाउनलोड किए हों और उसके ऊपर हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाना होगा और उसके साथ में एसएसएलसी / मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट (आयु का प्रमाण), उत्तीर्ण या समकक्ष के लिए अंक कार्ड, वर्तमान रोजगार प्रमाण पत्र, अनुभव के बारे में पिछले नियोक्ता से प्रमाणपत्र, अंतिम वेतन प्रमाणपत्र, डिस्चार्ज सर्टिफिकेट, सर्विस सर्टिफिकेट और अन्य प्रासंगिक प्रमाणपत्र को **वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बीईएल-आर्मीरोड, नंदंबक्कम, चेन्नई - 600089, तमिलनाडु के पास दिनांक 04.07.2024 से पहले आवेदण भेजना होगा।**

## अस्वीकरण:

बीईएल में एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड केवल उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित होते हैं। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में धन जमा के लिए कोई शुल्क नहीं लेता है और न ही मांगता है। हम नौकरी चाहने वालों से आग्रह करते हैं कि वे बीईएल में रोजगार के बदले भुगतान की मांग करने वाले हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले ऐसे धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी कार्यों से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है।

बीईएल के पास ऐसे धोखेबाजों के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04.07.2024 है।**

**अधिक जानकारी या किसी स्पष्टीकरण के लिए chr_belchn@bel.co.in पर मेल करें या 044-22338135 पर संपर्क करें।**

**आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे सभी अपडेट के लिए वेबसाइट www.bel-india.in देखें।**

*********************